महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

## एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमोद चांद की विश्वविद्यालय को भेंट
## प्रति- कुलपति प्रो. रागीट के साथ की चर्चा

वर्धा, दि. 5 जुलाई 2021 : विश्वविद्यालय में एनसीसी की यथाशीघ्र स्थापना करने के लिए कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल विशेष प्रयास कर रहे हैं. इस कड़ी में 20 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी नागपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमोद चांद ने रविवार (4 जुलाई) को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय को भेंट दी. अपनी भेंट के




दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में एनसीसी (नेशनल केडेट कॉर्प्स) की स्थापना को लेकर विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट के साथ विस्तार से चर्चा की. इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिकेत आंबेकर उपस्थित थे। चर्चा के उपरांत कमांडिंग ऑफिसर चांद नेविश्वविद्यालय के ध्यानचंद्र क्रीडा प्रांगण, नागार्जुन अतिथि गृह एवं गांधी हिल्स सहित विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया. इसके पश्चात उन्होंने शहर में बन रहे एनसीसी मैदान परिसर का अवलोकन किया और वहाँ वृक्षारोपण किया. इसके पहले 21 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी वर्धा के कमांडिंगऑफिसर डी. विजय भास्कर ने अप्रैल महीने में विश्वविद्यालय को भेंट देकर कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल के साथ चर्चा की थी.

-----------------------------------

**एनसीसीचे कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमोद चांद यांची विश्वविद्यालयाला भेट**

**प्रकुलगुरु प्रो. रागीट यांच्या सोबत चर्चा**

वर्धा, दि. 5 जुलाई 2021 : विश्वविद्यालयात एनसीसीची स्थापना व्हावी म्हणून विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल हे विशेष प्रयत्न करत आहेत. याचाच एक भाग म्हणून 20 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी नागपूरचे कमांडिंगऑफिसर कर्नल अमोद चांद यांनी रविवारी(4 जुलै) महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाला भेट



दिली. आपल्या भेटित कर्नल चांद यांनी विश्वविद्यालयात एनसीसीच्या (नॅशनल केडेट कॉर्प्स) स्थापनेसंदर्भात विश्वविद्यालयाचे प्र-कुलगुरु प्रो. चंद्रकांत रागीट यांच्यासोबत चर्चा केली. यावेळी शिक्षण विभागातील सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिकेत आंबेकर उपस्थित होते. चर्चेनंतर कमांडिंग ऑफिसर चांद यांनी विश्वविद्यालयातील ध्यानचंद्र क्रीडा प्रांगण, नागार्जुन अतिथी गृह व गांधी हिल्स सह विश्वविद्यालय परिसराचे भ्रमण केले. यानंतर त्यांनी शहरात तयार होत असलेल्या एनसीसी मैदानाचे अवलोकन करुन तेथे वृक्षारोपण केले. याआधी 21 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी वर्धाचे कमांडिंग ऑफिसर डी. विजय भास्कर यांनी एप्रिल मध्ये विश्वविद्यालयाला भेट देऊन कुलगुरु प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांच्या सोबत चर्चा केली होती.